जयंती श्री हनुमान जयंती महापर्व पर आयोजित हुए भक्तिमय कार्यक्रम, निकाली गई शोभायात्रा, सम्मिलित हुए हजारों की संख्या में हनुमान भक्त

धनपुरी बनी धर्मपुरी, हनुमान के जयकारों के उद्घोष से सराबोर नगरी

नवभारत,धनपुरी। जिले की आस्था एवं धर्म की नगरी कही जाने वाली कोयला नगरी धनपुरी में यहां निवास करने वाले सनातन प्रेमियों ने पहले चैत्र नवरात्र महापर्व फिर श्री रामनवमी की शोभायात्रा में ऐतिहासिक समागम उसके तुरंत बाद श्री हनुमान जन्मोत्सव महापर्व पर अपनी संपूर्ण ऊर्जा और निष्ठा के साथ सहभागिता देना यह वाकई में भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय संदेश हैं जिसे भावी पीढ़ी जो आत्मसात अवश्य करना चाहिए धनपुरी नगर में श्री हनुमान जी का प्रगटउत्सव बड़ी ही धूमधाम एवं भक्तिमय माहौल में मनाया गया धनपुरी नगर के हृदय स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर धनपुरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्म महोत्सव सेवा समिति एवं हिंदू धार्मिक संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्री हनुमान जन्म महोत्सव महापर्व की तैयारी बड़ी ही भव्यता के साथ की गई थी जिसमे चौबीस घंटे अखंड मानस से संपूर्ण धनपुरी नगरी मानों श्री राममय हो गई श्री हनुमान जी के विधिवत पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ श्री हनुमान जी का पूजन हवन के साथ संपन्न हुआ तत्पश्चात ब्राम्हण भोज एवं कन्या भोज प्रारंभ हुआ उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ जो की दोपहर साढ़े बारह बजे से दोपहर चार बजे तक अनवरत चला कार्यक्रम की रूपरेखा का निर्धारण आम जनमानस की सहमति से प्रत्येक नागरिक के सहयोग से अपनी भव्यता को खुद ही बयां कर रहा था नगर के मुख्य हनुमान जन्म महोत्सव महापर्व पर जब शाम 6 बजे शोभायात्रा संपूर्ण गाजे बाजे के साथ श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण से निकली तो उसका दिव्य दृश्य मन मोह लेने वाला था प्रत्येक नगरवासी के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई भगवान श्री राम जी का राम दरबार साथ ही हनुमान जी महाराज की अद्वितीय झांकी विद्युतीकृत रथ और युवा एवं मातृशक्तियों के हाथों में भगवा ध्वज शोभायात्रा में शामिल भक्तजनों के उत्साह को और बढ़ा रहा था

जगह जगह हुए कार्यक्रम

आस्था के महापर्व और कलयुग के भगवान और कलयुग में सात चिरंजीवियों में से एक अतुलित बलकेता का अवतरण दिवस संपूर्ण नगरी में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया श्री गुरु बजरंग संघ नंबर एक धनपुरी के आयोजकों के द्वारा भी श्री हनुमान जन्म महोत्सव के पावन पर्व पर अदभुत नैनाभीराम झांकी निकाली गई जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई जिसकी चर्चा संपूर्ण क्षेत्र में रही श्री गुरु बजरंग संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा श्री हनुमान जी महाराज का प्रत्येक कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और जुनून के साथ कोयलांचल में मनाया जाता रहा है इसी प्रकार श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज खेर माता के समीप विराजे प्रभु के दरबार में भी भक्तजनों ने पूरे भक्तिभाव और गरिमामय माहौल में श्री हनुमान जी महाराज का अवतरण दिवस मनाया श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज के दरबार में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसके हजारों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया ठीक इसी प्रकार बगिया पुलिया के समीप विराजे हनुमान जी के दरबार में भी भंडारे का आयोजन किया गया था साथ ही नंबर 3 धनपुरी में विराजे श्री संकटमोचन हनुमान जी महाराज के दरबार में भी विधिवत पूजन भंडारे साथ की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया कुल मिलाकर यह तो कह सकते हैं की प्रत्येक सनातनी की शक्ति जिस तरह से सनातन पर्वों पर उमड़ कर दिखती है यह सनातन के स्वर्णिम भविष्य जा जीवंत उदाहरण है

इनकी रही उपस्थिति एवं सहयोग

श्री राधा कृष्ण मंदिर के कार्यक्रम में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम को संपादित करने में संपूर्ण नगरवासियों ने अपना अनुकरणीय योगदान दिया और अपनी सहभागिता प्रदान की लेकिन मुख्य रूप से संपूर्ण नगरी के विभिन्न दानदाताओं के सहयोग से संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद रहा नगर धनपुरी से नगर पालिका परिषद धनपुरी के पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री रविकरण त्रिपाठी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा उपाध्यक्ष श्री हनुमान खंडेलवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री श्री सनत शर्मा श्री गणेश केशरवानी श्री ऋतुपर्ण दबे श्री आनंद कचेर श्री अभिषेक श्रीवास्तव श्री केशव राय श्री अमित सिंह श्री पियूष द्विवेदी श्री सचिन कचेर श्री प्रवीण बढ़ोलिया श्री भोला पनिका नगर निरीक्षक श्री केएस पेंद्रो उपनिरीक्षक श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह श्री दौलत मनवानी विद्युत विभाग धनपुरी के कनिष्ठ अभियंता श्री अजीत श्रीवास्तव श्री अजय जायसवाल श्री आनंद मोहन जयसवाल श्री प्रदीप शर्मा श्री गोकुल अग्रवाल श्री राकेश सोनी श्री अंकित गुप्ता श्री एसपी सिंह श्री श्री शशांक सिंह रिक्की श्री राकेश तिवारी श्री मिंटू गुप्ता श्री भोला सोनी साथ ही श्री गुरु बजरंग संघ दफायी नंबर एक धनपुरी से मुख्य रूप से जय सिंह गहरवार, शशिकांत विश्कर्मा, गोपाल दाहिया, अजय दुवेदी, अरुण सिंह गहरवार, ओमप्रकाश दाहिया, रजनीश खरे, मृगेंद्र सिंह,सार्सत विश्कर्मा, साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों हनुमान भक्तों ने अपना श्रम और वित्तीय सहयोग प्रदान किया श्री हिंदू धार्मिक संस्था धनपुरी एवं श्री हनुमान जन्म महोत्सव सेवा समिति धनपुरी ने संपूर्ण नगरवासियों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त कर उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया है

श्री राधा कृष्ण मंदिर की शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

शाम 6 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर धनपुरी से प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन: रात्रि 9 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर धनपुरी पहुंची जहां पर श्री हनुमान जी का स्मरण उपरांत शोभायात्रा का समापन हुआ श्री राधा कृष्ण मंदिर से इमाम बाड़ा बस स्टैंड धनपुरी, माइकल चौक,गोप तिराहा,सिनेमा रोड के रास्ते धनपुरी पोस्ट ऑफिस से होते हुए एक्सचेंज ऑफिस धनपुरी के रास्ते अमरकंटक रोड पहुंची और वहां से नगर के हृदय स्थल आजाद चौक होते हुए राजीव मार्केट के रास्ते पुन: श्री राधा कृष्ण मंदिर धनपुरी पहुंची शोभायात्रा के स्वागत हेतु जगह जगह भक्तजनों ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं बच्चों और मातृशक्तियो के लिए कई जगह प्रसाद वितरण के स्टाल लगाए थे और अपनी क्षमता और आस्था अनुरूप प्रसाद का वितरण कर रहे थे माइकल चौक में शरबत जा वितरण ठंडे पेय जल का वितरण श्री गोकुल अग्रवाल के द्वारा कोल्डड्रिंक का वितरण उसके आगे श्री आकाश झरिया परिवार के द्वारा हलुआ प्रसाद का वितरण एक्सचेंज ऑफिस के पास फ्रूटी का वितरण मेन रोड पर आइसक्रीम का वितरीन तत्पश्चात आजाद चौक के समीप नवभारत के बैनर तले प्रसाद के रूप में केला मीठा और फ्रूटी का वितरण राजीव मार्केट में पम्मी केसरवानी के द्वारा शरबत का वितरण किया गया

गोहपरू थाने में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

गोहपारू नव भारत। आज हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर थाना परिसर स्थित मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहाँ सुबह से ही भक्तिमय वातावरण बना रहा।

धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन- कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना से हुई। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया और क्षेत्र की शांति व सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। सुंदरकांड का पाठ: दोपहर में आयोजित सुंदरकांड के पाठ में स्टाफ के साथ स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए।

हवन और आरती: विधिवत हवन के बाद महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा परिसर 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली की जय' के नारों से गुंजायमान हो उठा।

भंडारा प्रसाद: पूजा समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

नवभारत के बैनर तले भक्तों का किया गया स्वागत एवं प्रसाद वितरण

नवभारत, धनपुरी। श्री हनुमान जन्म महोत्सव के पावन पर्व पर नगर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के चल समारोह का भव्य स्वागत नवभारत परिवार धनपुरी बुढार के द्वारा आजाद चौक के समीप किया गया हजारों की संख्या में चल समारोह में सम्मिलित भक्तजनों गृहणियों युवाओं का स्वागत कर उन्हे प्रसाद का वितरण किया गया हजारों की संख्या में भक्तगण निरंतर चल समारोह में सम्मिलित होकर शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने में अपना योगदान दिया जो की अविस्मरणीय है श्री राधा कृष्ण मंदिर धनपुरी एवं श्री गुरु बजरंग संघ दफाई नंबर एक धनपुरी की शोभायात्रा में लगभग दो हजार नगरवासी सम्मिलित हुए गाजे बाजे की धुन पर श्री राम और श्री हनुमान जी के दिव्य जयघोष के बीच नवभारत परिवार शुभचिंतकों एवं सहयोगियों एवं पाठकों के द्वारा प्रसाद वितरण कर भक्तों के उत्साह में वृद्धि की गई और संपूर्ण नगरी में युवा वर्ग और खासकर सनातन प्रेमियों ने दिव्य भव्य समागम में जिस तरह से अपनी गहरी सहभागिता बड़ी संख्या में दिखाई इसे देखकर यह प्रतीत होता है की धनपुरी नगर में सनातन संस्कृति का संचार युवा पीढ़ी में निरंतर गतिमान है और भविष्य में युवा पीढ़ी ही सनातन की स्वर्णिम संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य तन मन धन से करेगी। धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने एवं भव्य शोभायात्रा का स्वागत एवं प्रसाद वितरण समारोह में नवभारत प्रतिनिधि धनपुरी/बुढार श्री प्रदीप शर्मा एवं शुभचिंतकों एवं पाठकों का पूर्ण सहयोग रहा प्रसाद वितरण के समय मुख्य रूप से श्री द्वारिका विश्वकर्मा श्री ध्रुव लोनिया अंकित गुप्ता हेमंत गुप्ता आकाश झरिया ललित गुप्ता अज्जू अतरोलिया रघु गुप्ता आलोक भरती अंकेश अग्रवाल कृष्णा गुप्ता अनिल रौतेल गुड्डू गुप्ता सुजल वर्मन अमन वर्मन

धूधाम से मनाया गया हनुमान का जन्मोत्सव

नवभारत,गोहपारू । शहडोल जिले के सभी मंदिरों में 2 अप्रैल को धूमधाम से विशाल हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। साथ ही श्रद्धालुओं के द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं अखण्ड मानस, अखण्ड हनुमान चालीसा का आयोजन किया जा रहा है। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पूजा-अर्चना के पश्चात विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। गाओ।

शहरों में मनाया जायेगा जगह-जगह श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव बताया जाता है कि श्री हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल अत्यंत प्रिय है। हनुमान जन्मोत्सव पर उनके विग्रह पर चमेली के तेल में मिला हुआ सिंदूर अर्पित करें और लाल पुष्पों की माला चढ़ाएं। इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव का पर्व 2 अप्रैल को गुरुवार के दिन है। यह दिन विशेष रूप से शुभ है 1 योंकि शनिवार और श्री हनुमान जन्मोत्सव का संयोग एक दुर्लभअवसर होता है। शनिवार और मंगलवार दोनों ही दिन श्री हनुमान जी की उपासना के लिए सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं। इस शुभ तिथि पर कुछ विशेष उपाय करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

प्रात: स्नान के बाद हनुमान के समक्ष दीपक जलाया

जलाकर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करें। यह पाठ न केवल मानसिक बल प्रदान करता है, बल्कि रोगों, संकटों और भय से भी रक्षा करता है। श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन मीठा पान बनाकर उसमें कत्था, गुलकंद और सौंफ भरकर श्री हनुमान जी को अर्पित करें। यह उपाय परिवार में सौहार्द और प्रेम बढ़ाता है, और मानसिक शांति देता है। श्री हनुमान जी को लाल रंग अत्यंत प्रिय है। उन्हें लाल कपड़ा चढ़ाएं और गुड़-चने का प्रसाद बनाकर अर्पित करें। बाद में इस प्रसाद को लोगों में बांटना चाहिए। इससे दरिद्रता और कर्ज से मुक्ति मिलती है। शनिवार को पीपल का पूजन और दीप दान बहुत शुभ माना गया है। इस दिन शाम को सरसों के तेल का दीपक पीपल के वृक्ष के नीचे जलाएं और श्री राम जय राम जय जय राम का जाप करें। यह उपाय पितृदोष और गृहकलह से मुक्ति देता है। श्री हनुमान जी को फल अत्यंत प्रिय हैं। आप केले, आम, बेर या कोई भी मौसमी फल श्रद्धा से अर्पित करें। इससे घर में शांति, सौहार्द और संपन्नता का वातावरण बना रहता है। गोहपारू। थाना के सामने हनुमान मंदिर,और गावों के सभी मंदिरों में सुन्दर कांड कीर्तन का आयोजन किया गया और थाना प्रभारी राज कुमार मिश्रा जी एवं थाना के टीम का सहयोग सराहनीय था और कई मंदिरों मेंआज शोभायात्रा निकाली जायेगी, सभी मंदिरों में भण्डारे का आयोजन भी किया जायेगा।

कलयुग के साक्षात् भगवान हनुमान की जयंती पैलवाह में मनाई गई

नव भारत गोहपारू। मध्य प्रदेश शहडोल जिलांतर्गत गोहपारू ब्लांक में दक्षिण मुखी हनुमान जी की मंदिर में कलयुग के साक्षात् प्रभू हनुमान जी स्वामी की चैत्र मास की पूर्णमासी तिथि हनुमान जयंती के रूप में मनाये जाने की वैदिक परंपरा सदियों से चली आ रही है उसी अनुक्रम में दिनांक 2/04/2026गुरुवार को पैलवाह ब्लाक गोहपारू में स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर में हनुमान जयंती शुभ अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ एवं संगीत मय अखंड मानस कीर्तन पाठ सहित रामचरितमानस का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण सहित भंडारा का कार्यक्रम किया गया, उक्त अवसर पर नवभारत समाचार पत्र के संवाददाता विकास सरकार द्विवेदी द्वारा बताया गया कि वर्षों से उक्त मंदिर में मंगलवार शनिवार हनुमान दिवस पर रामायण पाठ अनवरत रूप से किया जा रहा है जिसके मुख्य कर्ता धर्ता विकास सरकार द्विवेदी,अंगिरा प्रसाद गुप्ता,प्रमोद कुमार पनिका, अकाली पनिका नंदू पनिका,धर्मेंद्र पनिका, राजकुमार गुप्ता, रोहणी गुप्ता रवि प्रसाद गुप्ता, गोपिका गुप्ता, जानकी गुप्ता सहित गांव के अन्य श्रद्धालुओं की सहभागिता सराहनीय रही।

शासकीय हाई स्कूल एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पैलवाह में प्रवेशोत्सव

नवभारत, गोहपारू। शहडोल शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से प्रवेशोत्सव के रूप में मध्यप्रदेश में प्रारंभ हो गया,उसी कड़ी में शासकीय हाई स्कूल एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका छात्रावास पैलवाह विकास खण्ड गोहपारू जिला शहडोल में भी स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यालय के प्रभारी,श्री मिथिलेश कुमार सोनी श्री मति पदमा तिवारी,वार्डन सीमा तिवारी,सहायक वार्डन एवं स्टॉप के सभी कार्य कर्ता और अहिवरण सिंह एवं विद्यालय के सभी स्टॉप उपस्थिति में पहली कक्षा में पहले ही दिन 25से 35छात्रों को उनका तिलक वंदन कर प्रवेश दिया गया साथ ही उन्हें पुस्तकें भी वितरित की गई,इस अवसर पर विद्यालय के अलावा कई अभिभावक पालक भी उपस्थित रहे।

सोहागपुर एरिया के विभिन्न खदानों में पदस्थ 7 कर्मचारी हुए सेवानिवृत

नवभारत, धनपुरी। कर्मचारियों की मेहनत के बदौलत हम कठिन से कठिन लक्ष्य को भी आसानी से पूरा करते हैं एक साथ मिलकर जब हम काम करते हैं तो हम एक दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं हमारे बीच 7 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं यह पल खुशी भरा भी होता है और भावुक भरा भी क्योंकि जब लंबे समय तक हम एक ही स्थान पर रहकर एक साथ काम करते हैं तो हम एक परिवार के सदस्य के रूप में एक दूसरे से जुड़ जाते हैं और जब कोई परिवार का सदस्य सेवानिवृत्त होता है तो मन थोड़ा भावुक होता है लेकिन वही सेवानिवृत होने वाले सभी श्रम वीरों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं और इस बात का भी भरोसा देते हैं कि उनके कार्यालय के दरवाजा सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के लिए हमेशा खुला रहेगा जब भी किसी का कोई काम हो वह बिना संकोच के उनके कार्यालय आ सकते हैं वह सदैव उनके लिए मौजूद रहेंगे उक्त बातें एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी के जेना ने सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। इस अवसर पर महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव एरिया कार्मिक प्रबंधक बलराम हेमब्रम कार्मिक प्रबंधक राजेंद्र चतुर्वेदी संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य द्वारका प्रसाद मिश्रा अमरजीत सिंह राजेंद्र प्रताप सिंह शंकर बरगट एवं वेलफेयर बोर्ड के सदस्य अंबिका प्रसाद तिवारी के साथ-साथ क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में एरिया के अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद थे कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्मिक प्रबंधक बी हेंब्रम ने स्वागत भाषण देते हुए सभी का स्वागत किया। एसईसीएल सोहागपुर एरिया के आरसी क्लब में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारियों के सम्मान में अपनी बात रखते हुए एरिया महाप्रबंधक बी के जेना ने कहा कि लगातार सोहागपुर एरिया अपना वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य पूरा कर रहा है।

प्राथमिक विद्यालय टिकुरी टोला करुआ में प्रवेशोत्सव

नवभारत,गोहपारू । शहडोल शिक्षण सत्र 2026-27 दिनांक 01/04/2026से प्रवेशोत्सव के रूप में मध्यप्रदेश में प्रारंभ हो गया,उसी कड़ी में शा प्राथमिक विद्यालय टिकुरी टोला करुआ विकास खण्ड गोहपारू जिला शहडोल में भी स्कूल चलें हम अभियान के तहत विद्यालय के प्रभारी,म प्र शिक्षक संघ ब्लाक गोहपारू के निवर्तमान अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद पाठक के संयोजकत्व एवं सरपंच श्रीमती राधा कोल तथा पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विशेष बैगा की उपस्थिति में पहली कक्षा में पहले ही दिन 4छात्रों को उनका तिलक वंदन कर प्रवेश दिया गया साथ ही उन्हें पुस्तकें भी वितरित की गई,इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका मृदुला यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री सोनी के अलावा कई अभिभावक पालक भी उपस्थित रहे।

घोटाला जिम्मेदारों ने क्यों साध रखी चुप्पी

कहां गुम हो गयी नौढ़िया पंचायत में 35 लाख घोटाले की जांच फाइल

नवभारत,शहडोल। जिले के जनपद पंचायत ब्योहारी मे सीईओ का प्रभार ज़ब से श्रीमती कल्पना यादव को मिला है तब से पंचायतो मे फर्जीवाडा रुकने का नाम नहीं ले रहा। सरपंच सचिव मनमानी तौर से फर्जी बिल लगाकर पंचायत के राशि मे डांका डाला रहे है। आश्चर्य की बात यह है कि शिकायत के बाद भी न तो कोई कार्यवाही हो रही है और न ही जांच।

जांच दबाने का लग रहा आरोप

ग्राम पंचायत नौढ़िया में निर्माण कार्य कराने के नाम पर 35 लाख रूपये अग्रिम राशि निकालने का आरोप ग्राम पंचायत नौढ़िया उपसरपंच मनीष चतुर्वेदी द्वारा सरपंच छोटे लाल सिंह और तत्कालीन सचिव सत्यभान पर लगाते हुए जांच कराकर कार्यवाही किये जाने हेतु दिनांक 28/08/2025 को पत्र अध्यक्ष जनपद पंचायत ब्योहारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया गया जिसकी जांच जनपद स्तर से हुई शिकायत सही पायी गयी मगर पता नहीं सरपंच सचिव ने ऐसा क्या जादू किया कि जिम्मेदारो ने चुप्पी साध ली और आज तक उस पर पर्दा पड़ा हुआ है।

निकाल ली राशि, पुलिया का पता नहीं, फिर भी जिम्मेदार मौन

सूखा कल्हारी मार्ग से मॉडल स्कूल पंहुच मार्ग मे पुलिया बनाने के नाम पर दिनांक 02/07/2025 को एक मुस्त 5 71420 रूपये निकाल लिया और आज तक पुलिया का निर्माण नही कराया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सरपंच सचिव द्वारा ज़ब इतनी बड़ी रकम एक मुस्त निकाली गयी और निर्माण नहीं कराया गया तो क्या इसकी जानकारी जनपद के जिम्मेदार अधिकारियो को नहीं है या फिर वो अपना हिस्सा ले कर मौन धारण कर लिये है। हकीकत क्या है वही जाने पर जिस तरह से जनपद का जिम्मेदार अमला चुप्पी साधा है उस पर सवालिया निशान लगना लॉजमी है।

भ्रमण के नाम पर शासकीय राशि का खेला

ग्रामीणों का दावा है कि सीईओ द्वारा पंचायतो का भ्रमण नहीं किया जाता रिकार्ड मे फर्जी भ्रमण दिखाकर भले ही राशि का आहरण किया जा रहा हो मगर जमीनी हकीकत यह है कि पंचायतो मे भ्रस्टाचार हावी है जिसे कोई देखने सुनने वाला नहीं है। पंचायत मे कई निर्माण कार्य अधूरे है इसके बाद भी राशि आहरित कर लिया गया है और आज भी वो निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए है जो बहोत ही गंभीर विषय है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सहित कमिश्नर शहडोल से जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

इनका कहना है

पहले शायद जांच हुई है। यह मामला मेरे समय का नहीं है, लेकि यदि पुलिया नहीं बनी है और राशि का आहरण हुआ है तो मै देखता हूँ।

विपिन बागरी
प्रभारी एसडीओ जनपद पंचायत ब्योहारी

शिक्षा के उजाले से संवरता हैं भविष्य : छाबड़ा

नवभारत, धनपुरी। कोयलांचल नगरी धनपुरी में शिक्षा, संस्कार और सशक्त भविष्य की भावना उस समय साकार रूप में दिखाई दी, जब पीएम श्री शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन गरिमा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर नगर पालिका परिषद धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को नई ऊर्जा और प्रेरणा से भर दिया। विद्यालय परिसर को पारंपरिक और सांस्कृतिक सजावट से सुसज्जित किया गया था, जहां नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक, पुष्प एवं आत्मीय स्वागत के साथ अभिनंदन किया गया। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। वातावरण में उत्साह, उमंग और शिक्षा के प्रति सकारात्मक भावनाओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम

के केंद्र में रहीं अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायक उद्बोधन में छात्राओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और सशक्त समाज की आधारशिला है।' उनके शब्दों में एक माँ की ममता, एक मार्गदर्शक की गंभीरता और एक जनप्रतिनिधि की दूरदर्शिता स्पष्ट रूप से झलक रही थी। श्रीमती छाबड़ा ने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं बेटियों के सपनों को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करें और निरंतर परिश्रम के माध्यम से उन्हें प्राप्त करें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि नगर पालिका परिषद शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं—जैसे छात्रवृत्ति, नि:शुल्क पाठ्य सामग्री, साइकिल वितरण, पोषण आहार एवं अन्य सुविधाओं—की जानकारी विस्तार से दी गई।